भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या 3**
उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

# विकसित भारत-2047 में युवाओं की भागीदारी

***3. श्रीमती डी. के. अरुणा:**
**श्री इटेला राजेंदर:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार युवाओं को प्रगति का वाहक बनने और देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो 'यंग लीडर्स डायलॉग', 2025 के संकल्पों और विकसित भारत-2047 के बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अब तक क्या प्रयास किए गए हैं और उनके क्या परिणाम रहे हैं;

(ग) क्या सरकार ने युवाओं को अपने आराम का त्याग करने और जोखिम उठाने की सलाह दी है, ताकि वैश्विक एजेंसियां उनकी क्षमता को पहचान सकें और वे भारत के सकल घरेलु उत्पाद (जीडीपी) को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से कार्यान्वित की जा रही नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) और राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम (एनवाईएलपी) और ऐसी अन्य योजनाओं के तहत अब तक क्या उपलब्धियां हासिल की गई हैं;

(च) विगत दस वर्षों के दौरान विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत राज्यवार कितनी धनराशि संस्वीकृत / व्यय की गई है; और

(छ) इस संबंध में क्या भावी कार्य योजना तैयार/कार्यान्वित की गई है और राज्यवार गैर-सरकारी संगठनों की भागीदारी की स्थिति क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (छ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

**विकसित भारत-2047 में युवाओं की भागीदारी के संबंध में श्रीमती डी. के. अरुणा और श्री इटेला राजेंदर द्वारा दिनांक 03.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 3 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क) जी हां। सरकार युवाओं को प्रगति का वाहक बनने और देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

(ख) "विकसित भारत 2047" पहल का उद्देश्य भारत की स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक एक विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को साकार करना है। चूंकि, वर्ष 2047 में भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं, इस पहल के माध्यम से व्यापक और सतत विकास की प्राप्ति के लिए आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय और शासन के क्षेत्रों के प्रयासों को संगठित करना है। युवाओं में राष्ट्र निर्माण की क्षमता है, इसलिए हमें उन्हें अवसर देना चाहिए।

राष्ट्रीय युवा महोत्सव (एनवाईएफ), राष्ट्रीय युवा किशोर विकास कार्यक्रम (एनपीवाईएडी) स्कीम के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। इस वर्ष, एनवाईएफ का पुनर्गठन किया गया और इसे विकसित भारत युवा नेता संवाद (वीबीवाईएलडी) नाम दिया गया। वीबीवाईएलडी - 2025, एनवाईएफ मंच को व्यापक बनाने और युवाओं के साथ अधिक गहनता से जुड़ने का एक प्रयास था। यह प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के विजन के साथ जुड़ने का एक प्रयास था, जिसमें 1 लाख युवाओं को सार्वजनिक मामलों में शामिल किया जाना था, ताकि उन्हें विकसित भारत के लिए राष्ट्रीय विकास का एक सार्थक क्षेत्र बनाने और नेतृत्व के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जा सके। इस संवाद में युवाओं को विकसित भारत के विभिन्न पहलुओं के बारे में लिखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस संवाद ने उन्हें बड़े सपने देखने और विकसित भारत 2047 के विजन की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

वीबीवाईएलडी-2025 के माध्यम से देशभर के 30 लाख प्रेरित युवा एक साथ आए; भारत के 15-29 आयु वर्ग के सबसे वाइब्रेंट यूथ का प्रतिनिधित्व कर रहे लगभग 2500 ऊर्जावान युवाओं को योग्यता आधारित, बहु-चरणीय प्रक्रिया के माध्यम से विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 में भाग लेने के लिए चुना गया है। इस संवाद से उभरने वाली प्रस्तुतियां माननीय प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गई। वीबीवाईएलडी-2025 एक ऐतिहासिक आयोजन रहा, जिसने नेताओं, नवोन्मेषकों और विचारकों की अगली पीढ़ी को बढ़ावा दिया जो भारत के विकास को आगे बढ़ाएंगे।

विकसित भारत ट्रैक और पारंपरिक ट्रैक के चयनित प्रतिभागियों, युवा नवोन्मेषकों, स्वयंसेवकों आदि सहित कुल मिलाकर लगभग 2500 युवा वीबीवाईएलडी 2025 का हिस्सा बने। इसके अतिरिक्त, 6 करोड़ से अधिक युवाओं और अन्य लोगों ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से इस कार्यक्रम को देखा।

(ग) और (घ) : इस विभाग ने देशभर में युवाओं की भागीदारी और विकास को बढ़ावा देने के लिए माई भारत पोर्टल पर विभिन्न कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :

i. **भारत के लिए स्वयंसेवक:** युवाओं को अल्पावधि सामुदायिक स्वयंसेवक अवसरों से जोड़ता है।

ii. **एक्सपिरियंशियल लर्निंग कार्यक्रम (ईएलपी):** युवाओं को करके सीखने से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के अवसर प्रदान करता है।

iii . **माई भारत संगठन (एमबीओ):** अवसरों की सूची बनाने और युवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए सरकारी संगठनों, ज्ञान संस्थाओं, गैर-लाभकारी और समुदाय-आधारित संगठनों के साथ सहयोग करना।

iv. **पब्लिक प्रोफाइल:** युवाओं को खोज योग्य प्रोफाइल बनाने और अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने की सुविधा देता है।

v. **सीवी बिल्डर:** युवाओं को प्रभावशाली रिज्यूमे बनाने में मदद करने के लिए एक कस्टमाइज़ेबल सीवी बिल्डर टूल प्रदान करता है।

vi. **मेगा इवेंट:** यह विभिन्न एमबीओ को बड़े पैमाने पर युवा कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित करने में सक्षम बनाता है।

(ङ) नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है जो देशभर में 623 जिला नेहरू युवा केंद्रों के माध्यम से गतिविधियों का संचालन करता है। एनवाईकेएस का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को प्रेरित करना, संगठित करना और उनकी क्षमताओं को बढ़ाना है ताकि वे उत्पादक और जिम्मेदार नागरिक बन सकें, स्थानीय नेतृत्व संभाल सकें और समानता और स्वयंसेवा की भावना के साथ सामुदायिक विकास और राष्ट्र निर्माण गतिविधियों की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार के रूप में कार्य कर सकें।

2047 तक विकसित भारत के विज़न के अनुरूप विभाग ने निम्नलिखित कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित कीं :

( i ) **युवा उत्सव इंडिया@2047:** इसका उद्देश्य भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के दौरान भारत के स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों का प्रसार करना, जनता के बीच विविध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के महत्व को उजागर करना है। यह कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित किया गया। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान प्रत्येक युवा उत्सव में युवा कलाकार शिविर-पेंटिंग, युवा लेखक शिविर-कविता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक उत्सव-समूह कार्यक्रम और युवा सम्मेलन नामक छह घटक थे जिसमें 194199 युवाओं की भागीदारी के साथ 583 कार्यक्रम आयोजित किए गए। 2023-24 के दौरान यह कार्यक्रम जिला और राज्य स्तर पर पांच घटकों यथा युवा कलाकार प्रतिभा खोज-चित्रकला, युवा लेखक प्रतिभा खोज-कविता, फोटोग्राफी प्रतिभा खोज, भाषण प्रतिभा खोज और सांस्कृतिक महोत्सव-समूह कार्यक्रम के साथ आयोजित किया गया था जो कि पंच प्रण पर केंद्रित था।

**उपलब्धियां:**

**(क) जिला स्तर:**

| **2021-22** | | **2022-23** | | **2023-24** | |
|---|---|---|---|---|---|
| **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** |
| यह कार्यक्रम बाद के वर्षों में शुरू किया गया। | | | | 601 | 129736 |

**(ख) राज्य स्तर:**

| **2021-22** | | **2022-23** | | **2023-24** | |
|---|---|---|---|---|---|
| **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** |
| यह कार्यक्रम बाद के वर्षों में शुरू किया गया। | | | | 23 | 7661 |

**( ii ) युवा संवाद इंडिया@2047:** युवा संवाद इंडिया @2047 का आयोजन जिला स्तर पर जिले के सीबीओ (समुदाय आधारित संगठन) के सहयोग और समर्थन से किया गया ताकि पंच प्रणों के अनुरूप देश के भविष्य पर सकारात्मक चर्चा हो सके।

**उपलब्धियां:**

| **2021-22** | | **2022-23** | | **2023-24** | |
|---|---|---|---|---|---|
| **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** |
| यह कार्यक्रम बाद के वर्षों में शुरू किया गया। | | | | 730 | 195020 |

**(iii) भाषण प्रतियोगिता / माई भारत - विकसित भारत@2047 भाषण प्रतियोगिता:** भाषण प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना तथा राष्ट्र निर्माण गतिविधियों में उनके अधिक विकास और सशक्तिकरण तथा भागीदारी के लिए नेतृत्व गुणों और संप्रेषण कौशल वाले युवाओं की पहचान करना है।

**उपलब्धियां:**

**ब्लॉक स्तर**

| **2021-22** | | **2022-23** | | **2023-24** | |
|---|---|---|---|---|---|
| **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** |
| 6387 | 50983 | इस कार्यक्रम को युवा उत्सव - युवा संवाद इंडिया@2047 में शामिल किया गया | | यह कार्यक्रम जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजित किया गया। | |

**जिला स्तर**

| **2021-22** | | **2022-23** | | **2023-24** | |
|---|---|---|---|---|---|
| **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 623 | 11479 | इस कार्यक्रम को युवा उत्सव - युवा संवाद इंडिया@2047 में शामिल किया गया | 732 | 15486 |

**राज्य स्तर**

| 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|
| **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रमों की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** |
| 31 | 594 | इस कार्यक्रम को युवा उत्सव - युवा संवाद इंडिया@2047 में शामिल किया गया | | 25 | 554 |

**(iv) विकसित भारत एम्बेसडर - युवा कनेक्ट:**

इसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक, पर्यावरणीय और शासन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युवाओं की सहभागिता और नेतृत्व को प्रेरित करना है।

**उपलब्धियां:**

| क्र.सं. | संस्था का नाम | छात्रों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | एसपी कॉलेज, पुणे, महाराष्ट्र। | 600 |
| 2. | विश्वकर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पुणे, महाराष्ट्र। | 800 |
| 3. | टीकाराम जगनाथ कॉलेज ऑफ कॉमर्स, पुणे, महाराष्ट्र। | 550 |
| 4. | प्रोग्रेसिव एजुकेशन सोसाइटी (पीईएस) मॉडर्न कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे, महाराष्ट्र। | 700 |
| 5. | नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टूडेंट्स, मुंबई, महाराष्ट्र। | 900 |
| 6. | डेक्कन एजुकेशन सोसाइटी - फर्ग्यूसन कॉलेज, पुणे, महाराष्ट्र। | 800 |
| 7. | एमआईटी- डब्ल्यूपीयू, कोथरुड, पुणे, महाराष्ट्र। | 3000 |
| 8. | एमआईटी – एडीटी, लोनी कलभोर, पुणे, महाराष्ट्र। | 1179 |
| 9. | रांची विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड | 495 |
| 10. | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड | 448 |
| 11. | डॉ. डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, मुंबई, महाराष्ट्र | 489 |
| 12. | केजे सोमैया इंस्टीट्यूशंस, मुंबई, महाराष्ट्र | 502 |
| 13. | एमिटी यूनिवर्सिटी, रांची, झारखंड। | 579 |
| 14. | हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली | 712 |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | कमला नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली | 1206 |
| **कुल प्रतिभागी** | | **12,960** |

(च) युवा कार्यक्रम विभाग के अंतर्गत धनराशि स्कीम-वार आवंटित की जाती है राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार नहीं।

(छ) गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) 'माई भारत' की रूपरेखा के भीतर स्वयंसेवा के माध्यम से युवाओं की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने में सक्षम है। अभी तक, 5,500 से अधिक एनजीओ माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण और अनुमोदन प्राप्त कर चुके हैं और ये विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को सक्रिय रूप से स्वयंसेवा के अवसर प्रदान कर रहे हैं। ये एनजीओ 'विकसित भारत' के संदेश को प्रसारित करने के लिए महत्वपूर्ण चैनल के रूप में भी कार्य करेंगे। माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत एनजीओ की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या अनुबंध-**I** में दी गई है।

*****

**अनुबंध-I**

**दिनांक 03.02.2025 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 3 के भाग (छ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।**

माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत एनजीओ की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **कुल एनजीओ** |
|---|---|---|
| 1. | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 10 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 294 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 15 |
| 4. | असम | 239 |
| 5. | बिहार | 126 |
| 6. | चंडीगढ़ | 8 |
| 7. | छत्तीसगढ | 104 |
| 8. | दिल्ली | 210 |
| 9. | गोवा | 20 |
| 10. | गुजरात | 239 |
| 11. | हरियाणा | 182 |
| 12. | हिमाचल प्रदेश | 84 |
| 13. | जम्मू और कश्मीर | 239 |
| 14. | झारखंड | 77 |
| 15. | कर्नाटक | 180 |
| 16. | केरल | 86 |
| 17. | लद्दाख | 8 |
| 18. | मध्य प्रदेश | 369 |
| 19. | महाराष्ट्र | 465 |
| 20. | मणिपुर | 65 |
| 21. | मेघालय | 29 |
| 22. | मिजोरम | 81 |
| 23. | नगालैंड | 29 |
| 24. | ओडिशा | 237 |
| 25. | पुदुचेरी | 42 |
| 26. | पंजाब | 79 |
| 27. | राजस्थान | 519 |
| 28. | सिक्किम | 5 |
| 29. | तमिलनाडु | 559 |
| 30. | तेलंगाना | 104 |

| | | |
|---|---|---|
| 31. | दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 1 |
| 32. | त्रिपुरा | 81 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 493 |
| 34. | उत्तराखंड | 49 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 301 |
| | **कुल योग** | **5629** |

*****